
### शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज आज देंगे दीक्षा, सांसद और पूर्व सांसद करेंगे पूज्यपाद पूजन

# विशाल भंडारा और भजन संध्या आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**देवभूमि डेवलपर्स परिवार के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय दिव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर लोकार्पण महामहोत्सव गुरूवार दिनांक 17 अप्रैल नंदन हिल्स चौखड़ाढाना में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शंकराचार्य श्री सदानंद सरस्वती महाराज विशेष रूप से आमंत्रित किए गए है। कार्यक्रम के दूसरे दिन आज प्राण प्रतिष्ठा के साथ साथ गुरूजी द्वारा कथा का आयोजन भी किया गया। कथा श्रवण करने भक्तों का सैलाब उमड़ा पड़ा।**



अपनी कथा के दौरान अनेक समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि 1950 में जब संविधान बना तब वक्फ बोर्ड जैसी कोई संस्था नहीं थी। वास्तव में वक्फ बोर्ड हिन्दूओं की सम्पत्ति को हडपने के लिए बनाया गया है। वहीं पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल्द से जल्द स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए राष्ट्रपति शासन लगाने की आवश्यकता है। तीन दिन प्रवास के दौरान आज अंतिम दिन गुरूजी सुबह साढ़े आठ बजे से दीक्षा प्रदान करने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में जो भी श्रद्धालु दीक्षा लेना चाहते है वे पहुंच सकते हैं। शाम को महाप्रसाद वितरण के साथ ही विशेष आर्कषण के रूप में एक शाम महाकाल के नाम का आयोजन किया गया है जिसमें उज्जैन के प्रख्यात भजन गायक महाकाल की गुलामी फेम किसन भगत अपनी प्रस्तुति देंगे। देव भूमि डेवलपर्स परिवार के उज्जवल सूर्यवंशी ने बताया कि वे सभी भक्त कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। जो दीक्षा लेना चाहते है साथ ही भजन संध्या और भंडारे में भी अधिक से अधिक लोगों के शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### सांसद और पूर्व सांसद करेंगे पादुका पूजन

जगत गुरू शंकराचार्य के छिंदवाड़ा आगमन के बाद से ही उनके अनंत शिष्य है जो पादुका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में सांसद विवेक बंटी साहू शाम साढ़े पांच बजे शंकराचार्य जी के दर्शन और पाद पूजन पूजा शिवी लॉन में करेंगे। वहीं पूर्व सांसद नकुलनाथ शनिवार 12 बजे अपने निज निवास कमल कुंज शिकारपुर में शाम सात बजे विधि विधान के साथ पाद पूजन करेंगे।

## दिव्यांग शिक्षक को भत्ता एवं शालाएं सुबह लगाने के लिए कर्मचारी संघ ने माना कलेक्टर का आभार

**पांढुर्ना।** म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले, सचिव रामगोपाल भोयर एवं शेषराव रेवतकर ने दिव्यांग साथी शिक्षक दिनेश क्षीरसागर को दिव्यांग भत्ता तत्काल प्रदान करने तथा तपती गर्मी में सभी शालाएं सुबह की पाली में संचालित कराए जाने के लिए कलेक्टर अजय देव शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि दिव्यांग शिक्षक को दिव्यांग भत्ता जल्द दिए जाने तथा सुबह की पाली में शालाएं लगाए जाने की मांग म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने गत दिनों कलेक्टर से भेंट लेकर रखी थी। कलेक्टर महोदय का धन्यवाद देनेवालों में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले, रामगोपाल भोयर, शेषराव रेवतकर, प्रदीप डोबले, नंदिता धुर्वे, सविता कठाने, ओमकार साहू, संजय आसरे, शत्रुघन मसतकर, रामजी देशमुख, संजय डाबरे, रविंद्र कोहली, सुनील यावले, जग्गुलाल उईके, प्रदीप कामोने तथा प्रकाश खवसकर शामिल है।

### कलेक्टर के निर्देश पर शालाएं लगेगी सुबह

**पांढुर्ना।** कल शाम कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना से जारी आदेशानुसार आगामी 30 अप्रैल तक समस्त शालाएं सुबह 7.30 से दोपहर 12.30 बजे के बीच लगेगी। जिला प्रशासन ने तापमान वृद्धि और तेज धूप का शालेय छात्र छात्राओं पर दुष्प्रभाव ना पडे इसलिए यह निर्णय लिया है। इसके अलावा निर्धारित परीक्षाएं घोषित समय सारिणी के अनुसार होगी तथा मूल्यांकन कार्य पहले से निर्धारित समय पर होंगे। ज्ञात हो कि काफी दिनों से अभिभावकगण दोपहर की तपती धूप में बच्चों को शाला से छुट्टी होने पर परेशान हो उठते थे। कई अभिभावकों ने शाला प्राचार्यों और शाला प्रबंधन के समक्ष शालाओंका समय कम करने की बात की मांग की थी।

## लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद
## दमुआ को बनाना है ग्रीन दमुआ - बंटी

**जुन्नारदेव।** नगरपालिका परिषद दमुआ आज वार्ड क्रमांक 8 में ग्रीन स्पेस पार्क का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें जिले के सांसद बंटी विवेक साहू पहुंचे जहां उनका बाजों के साथ उनका स्वागत नपा अध्यक्ष किरण खातरकर और परिषद द्वारा किया इस तत्पश्चात सांसद द्वारा पूजन अर्चन कर लोकार्पण किया अपने उद्बोधन में सांसद ने कहा कि जैसा हमारे देश के प्रधानमंत्री चाहते है वैसे ही निरंतर हमारे देश को गति मिल रही है और इसी क्रम में हम निरंतर विकास के लिए प्रयास कर रहे दमुआ पहले एक हरा भरा क्षेत्र था लेकिन अब वह उजड़ता जा रहा है मेरे से पहले रहे सांसदों ने सिर्फ स्वार्थ की राजनीति की है लेकिन मैं आपका बेटा हूं आपके बीच का हूं मेरे द्वारा निरंतर इस क्षेत्र के लिए प्रयास किया जा रहा है इस प्रयास के क्रम में हमने दो खदानों की प्रथम स्वीकृति लाई है और हम दमुआ क्षेत्र के लिए आगे भी विकास के लिए प्रयासरत हैं और हमारा विश्वास है कि दमुआ पहले जैसे हरा भरा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री पर्यावरण को लेकर भी बहुत सजग है तो हम भी प्रयास करें कि हम भी पर्यावरण को सुरक्षित करते हुए पेड़ लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सासंद विवेक बंटी साहू,राजू नरोट,रोहित पोफली, नत्थन शाह कवरेती,आशीष ठाकुर,रिजवान कुरैश अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन,योगेश साहू,मोनू साहू,सोनू पाटिल टांडेकर विजयपाल पा अध्यक्ष किरण खातरकर,बबुआ कश्यप,मोहन पाल,मदन सोनी,रूपेश मानेराव, विशाल सूर्यवंशी,मुन्ना गौतम,सोहन चौहान,एवं भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम का आभार नपा सीएमओ अजय ठाकरे ने किया।माझी समाज के कार्यक्रम और भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे सांसद भगवान निषादराज की जयंती के अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू पहुंचे जहां उन्होंने भगवान निषादराज की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की और कार्यक्रम में माझी समाज के अध्यक्ष अरुण क्लिवार और उनकी टीम द्वारा सांसद का सम्मान किया गया और उन्हें समाज के माध्यम से ज्ञापन देकर अपनी मांग रखी गई जिसमें सासंद ने उन्हें उनकी मांग को पूरी करने का आश्वासन दिया माझी समाज के कार्यक्रम के पश्चात सांसद भाजपा कार्यकर्ता सुरेश साहू,मोंटू साहू,और सोहन चौहान के घर पहुंचे और उनके परिजनों दिवंगत होने पर उनके निवास पर पहुचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## जिले की पुलिस ने आईपीएल सट्टा लगा रहे 8 को धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

एसपी सुंदर सिंह कनेश एवं अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक नीरज कुमार सोनी के निर्देशों के परिपालन में पांढुर्ना जिले की सौंसर तहसील में थाना के पुलिस दल ने गत दिवस बस स्टैंड सौंसर एवं सावता चौक के पास मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें सुशील बतरा की दुकान में काम करनेवाला कुंडलिक ददघाए एवं उसके साथी महेश वंसत धकाते निवासी वार्ड नंबर 11 सौंसर, तन्मय लोभाकर भुसांडे निवासी वार्ड नंबर 7 सौंसर, पवन नंदकिशोर चौरागडे निवासी वार्ड नंबर 6 निवासी सौंसर, उपेंद्र गोपाल बोबडे निवासी वार्ड नंबर 2 निवासी कडैया थाना सौंसर, चेतन रत्नाकर गाडगे निवासी वार्ड नंबर 6 सौंसर, केवल मनोहर बंसोड वार्ड नंबर 6 सौंसर तथा सजल सुनील बंसोड ग्राम जाम थाना सौंसर को पुलिस ने धर दबोचा। पकडने के दौरान आरोपीगण मोबाइल में आईपीएल मैच टीम चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जॉइंट्स के मैच में सट्टा लगाते पाए गए। इन सभी को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों के फोन जब्त कर लिए गए है। आरोपियों पर सट्टा एक्ट के तहत अलग अलगअपराध पंजीबद्ध किए गए है। इस कारवाई के दौरान थाना प्रभारी सौंसर रूपलाल उईके, एसआई हर्श नागले, एएसआई कैलाश पवार, प्र आ. सुरेंद्र बघेल, प्र आ. दिनेश उईके की प्रमुख भूमिका रही है।

## श्री रामकथा जीना सिखाती है - सांसद बंटी साहू

### उमरिया फदाली में चल रहे नवकुंडीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ में पहुंचे सांसद

**जुन्नारदेव।** विकासखंड अंतर्गत आने वाले चमत्कारिक हनुमान मंदिर ग्राम उमरिया फदाली ,श्री सेवा दास महाराज की तपोभूमि में चल रही नवकुंडीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा नवान्ह यज्ञ के आठवें दिन शुक्रवार को जिले के सांसद बंटी विवेक साहू पहुंचे। उन्होंने चमत्कारिक हनुमान मंदिर में रामदूत हनुमान जी का विधिविधान से पूजन कर यज्ञ शाला की परिक्रमा की, मंदिर परिसर में चल रहे श्री राम कथा




पंडाल में पहुंचकर कथा श्रवण की। इस दौरान सांसद बंटी साहू ने व्यासपीठ का पूजन कर कथा वाचक दुर्गेश जी महराज का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया। कथा में सांसद बंटी साहू ने रामकथा को जीवन जीना सीखने वाला बताया, साथ ही समिति के सदस्यों को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान समिति के अध्यक्ष चेतराम पटेल,नितिन आम्रवंशी, श्याम पवार, राधेश्याम ग्यासवंशी,नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चन्द्रवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गोवर्धन यदुवंशी, जनपद सदस्य मनोहर चौकसे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन,अनिरुद्ध चटर्जी,भूषण अरोरा, जयवंती आम्रवंशी, शंकर सेन, गौरव सिंह, शिवराम पवार, संजय जैन, शरद कुरोलिया,भारत जोशी,भूपेंद्र साहू, अभिषेक चौरसिया,कपिल शुक्ल,राघव शर्मा सहित आम जन मौजूद रहे।




## एनसीइआरटी की किताबों से निजी शालाओं को है परहेज

# किताबों के बिक्री की आड़ में अभिभावकों का हो रहा शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

इन दिनों पांढुर्ना में शालेय पुस्तकों की आड में शाला प्रबंधकों द्वारा अभिभावकां आर्थिक शोषण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि जितनी प्राइवेट शालाएं उतने पब्लिकेशन की किताबें नजर आ रही है। हर निजी शाला सरकारी अफसरों को दिखाने के लिए एक दो विषयों की एनसीइआरटी की किताबें पाठ्यक्रम में रखते है। लेकिन अधिकांश शालाओं के खाने के दांत और दिखाने की दांत और होते है।

इन शालाओं में पाठ्यक्रम का अधिकांश हिस्सा निजी पब्लिकेशंस की किताबों का देखा जा रहा है। यह किताबें एनसीइआरटी की किताबों की तुलना में 5 गुना महंगी होती है। इन किताबों में पेज और विषय लगभग मिलते जुलते होते है लेकिन कागज की गुणवत्ता थोडी ठीक होती है। सबसे बडी बात यह है कि प्राइवेट पब्लिकेशंस की किताबें रखने पर शाला प्रबंधन को मोटा कमीशन प्राप्त होता है। छात्र छात्राओं को किताबें तो शाला की ओर से तयशुदा दुकान से एमआरपी पर खरीदनी होती है। दुकानदार इसके एवज में शाला प्रबंधन को मोटा कमीशन देता है। इस प्रकार अभिभावकों का खुलेआम शोषण किया जा रहा है।




## छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 19 अप्रैल 2025 शनिवार को 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर, फीडर कोड-7088 के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2025 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. सोनपुर रोड टाउन-4 फीडर (ट्रांसफर्मरों की संख्या 25, लंबाई 6.94 कि.मी.) पातालेश्वर, बारागधा मरघट, अन्नपूर्णा मंदिर, त्रिलोकी नगर आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

वहीं म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (संचा/संधा) पूर्व संभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि संचा/संधा पूर्व संभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत मेंटेनेंस कार्य के कारण उपसंभाग/वितरण केन्द्रों 33 के.व्ही. फीडरों से 19 अप्रैल 2025 को ग्रामीण उप संभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2025 को ग्रामीण उप संभाग छिंदवाड़ा के अंतर्गत आने वाले 33 के.व्ही. सांवरी-2 फीडर 132 के.व्ही. से 25 कि.मी., 03 नंबर एचटी कनेक्शन, पेंच कन्हान, शक्रवार स्टोन क्रेसर, सरकार इंफ्रा एवं उमरानाला उप संभाग के अंतर्गत 33 के.व्ही. उमरानाला-2 फीडर से 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र उमरानाला सारोठ, मऊ से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

## प्रतियोगी परीक्षा के विजेताओं को किया पुरस्कारों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों का स्वागत सत्कार समारोह किया गया,छात्र-छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ाने, प्रतियोगिता परीक्षाओं में तैयारी कैसे करें एवं बच्चों को होनहार बनाने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन लोधीखेड़ा प्रमोद नगराले द्वारा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुजाता बैंक रेलवे प्रतिस्पर्धा क्लासेस के माध्यम से अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 13 अप्रैल 2025 को प्रतिस्पर्धा परीक्षा का आयोजन किया गया था,सौंसर नगर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर चोक में आयोजित भीम जयन्ती समारोह में पुरस्कार प्रदान किए। जिसमें प्रथम प्रतिभागी नितेश कुण्डलिकराव वानखेड़े की स्मृति में 2000/- रु. का इनाम शील्ड तथा प्रमाण पत्र, संगीताबाई वानखेडे की स्मृति में द्वितीय 1000/- रु शील्ड सतीशबंसोड़ तथा तृतीय पुरस्कार रितेश टाकलखेड़े प्रदान किया। लड़कियों का उत्साह वर्धन करने के लिए लड़कियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कामिनी खंडाईत को नगद पुरस्कार सांत्वना के रूप में प्रदान किया गया। आयोजक प्रमोद नगराले ने बताया कि परीक्षा आयोजित करने का एकमात्र उद्देश्य अम्बेडकर जयंती पर लोगों में बौद्धिक क्षमता, प्रतिस्पर्धा का गुण तथा रोजगार में सफलता प्राप्त करना था।

## चाइल्ड लाईन के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर तत्काल रुकवाया गया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के विकासखंड हर्रई के थाना क्षेत्र बटकाखापा के ग्राम चिखलपुरा में चाइल्ड लाईन के माध्यम से बाल विवाह की शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिंदवाड़ा डॉ.हेमंत छेकर के मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी हर्रई श्री रत्नेश कुमार वैद्य, पर्यवेक्षक श्रीमती राजकुमारी मरकाम, पर्यवेक्षक श्रीमती गुंजा उईके, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं थाना प्रभारी बटकाखापा श्री चरणलाल उईके द्वारा स्थल पर जाकर जांच की गई एवं समझाईश दी गई । जांच के दौरान बालिका की उम्र 17 वर्ष 03 माह एवं बालक की उम्र 18 वर्ष से कम पाई गई।

परियोजना अधिकारी हर्रई श्री वैद्य द्वारा बालक-बालिका के माता-पिता, परिवार के सदस्यों, ग्रामवासियों को बाल विवाह न कराये जाने की समझाईश देते हुये माता-पिता से सहमति ली गई कि बालक-बालिका की उम्र पूर्ण होने के बाद ही विवाह करेंगे। उन्होंने बाल विवाह के अंतर्गत कानूनी प्रावधान के तहत 01 लाख रूपये का जुर्माना व 02 साल की सजा के बारे में उपस्थित जनों को सूचित भी किया । यह बाल विवाह, आज महिला एवं बाल विकास व पुलिस विभाग के सहयोग से स्थल पर रूकवाया गया ।

### सांसद आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 19 अप्रैल को जिले भर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगें। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को फैन वितरित करेंगे। सुबह 12:10 बजे माचागोरा से पेंच नदी के लिए पानी वितरण हेतु गेट खोलेंगे। दोपहर 02 बजे माता मंदिर बटकाखापा में भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 02:30 बटकाखापा में ही सीताराम बारसिया के निवास स्थान पर भेंट करेंगे। दोहर 3:30 बजे शारदा देवी मंदिर सालीवाड़ा में पूजा अर्चना करेंगे। दोहपर 04 बजे सालीवाड़ा में ही पट प्रतियोगिता में शामिल होकर पुरूस्कार वितरण करेंगे। शाम 5:30 बजे शंकराचार्य जी के दर्शन व पूजन करेंगे एवं शाम 6:30 बजे पूजा शिवी लॉन छिन्दवाड़ा में शंकराचार्य जी की पादुका पूजन करेंगे।

### छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत चंदनगांव फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33 के.व्ही., 11 के.व्ही. एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 19 अप्रैल 2025 शनिवार को चंदनगांव फीडर के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2025 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले चंदनगांव फीडर के तहत साबलेवाड़ी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आशीर्वाद कॉलोनी, माता मंदिर कॉलोनी, कृषि विज्ञान केन्द्र, 132 के.व्ही. कॉलोनी, जे.पी. इन होटल, नागपुर रोड बोदरी नदी से कृष्णा मोटर्स तक के संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल कर सकते हैं।

## नरवाई में आग लगाने, अग्नि घटनाओं की रोकथाम, बचाव के लिये कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार अग्नि घटनाओं की रोकथाम, बचाव के लिये कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में आज कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चौरई के सभाकक्ष में एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।


बैठक में एसडीएम चौरई श्री प्रभात मिश्रा द्वारा राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन एवं कृषि विभागों के मैदानी अधिकारियों को नरवाई जलाने से रोकने की रणनीति पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये। उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र में नरवाई में आग न लगाने के लिये किसानों को प्रेरित करें। साथ ही उन्हें बताएं कि नरवाई को बिना जलाए सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर जैसे यंत्रों का प्रयोग करते हुए नरवाई बिना जलाए सीधे बुवाई करके इसे जमीन में मिलाकर अच्छी खाद बनाई जा सकती है, जो भूमि के लिए अधिक उपयोगी है। सभी अधिकारियों को किसानों के बीच में पहुंचकर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। व्यापक प्रचार-प्रसार के बाद भी यदि किसी किसान/व्यक्ति के द्वारा आग जलाना/नरवाई जलाना पाया जाता है, तो नियमानुसार पंचनामा तैयार कर पुलिस विभाग के द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज की जायेगी एवं नियमानुसार जुर्माना (अर्थदण्ड) आरोपित किया जायेगा। साथ ही कृषि विभाग का मैदानी अमला कृषि अभियांत्रिकी के पोर्टल पर हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये भी निर्देशित किया गया एवं नगरीय निकाय को निर्देशित किया गया है कि आग लगने की स्थिति में फायरमैन का दल सदैव तत्पर रहे व अग्नि दुर्घटनाओं की स्थिति में फायर ब्रिगेड मौके पर अतिशीघ्र पहुंचकर आग बुझाने की कार्यवाही करे। साथ ही सभी विभागों के मैदानी अमले को प्रतिदिन ग्रामों में निरीक्षण/भ्रमण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों के साथ आग से बचाव के अन्य उपायों के संबंध में भी कार्ययोजना तैयार की । बैठक में अनुभाग स्तर पर तहसीलदार चौरई श्रीमती प्रीति पटेल, नायब तहसीलदार चांद श्री मलय बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी चौरई सुश्री सीता मरकाम, कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी चौरई श्री उमेश पाटिल एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बिछुआ श्री अरविन्द जावरे मौजूद रहे।

## पट्टेधारियों के ज्ञापन के बाद मोहगांवहवेली पहुंचे अधिकारी



**सौंसर।** हाल ही में मोहगाव हवेली में पट्टेधारियों को पट्टे देने की मांग को लेकर मोहगाव हवेली नगर पंचायत पार्षद नितिन ढोबले के द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई थी, इसके बाद में आनंद फानंद में शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत मोहगांव में पहुंचकर पट्टेदारियों को पट्टे देने के लिए निरीक्षण किया, श्री ढोबले ने बतायामोहगांव हवेली नगर में राजस्व अधिकारियों को नगर वासियों के द्वारा पट्टे का आवेदन देने को दो वर्ष हो गये है, अभितक पट्टे नहीं मिले है, जिसमें 10 लोगों का पलायन किया है।300 से अधिक हितग्राहीयो के आवेदनों का निपटारा नहीं हुआ है, निरीक्षण एवं अवलोकन करने के बावजूद भी अब तक किसी एक व्यक्ति को भी पट्टे के कागजात नहीं मिले हैं, मुख्य प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पटट्टे कि आवश्कता है,जिस के पास पटट्टे होगे उन्ही को आवास योजना का घरकूल मिलने वाले है,अधिकारियों से जल्द से जल्द कागजी कार्रवाई करते हुए पटट्टे उपलब्ध कराने की मांग नगर वासियों के द्वारा की गई है।

## गंभीर सड़क हादसे में दो यूवकों ने गंवाई जान





**लांजी हरिभूमि।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसों में कमी नहीं आ पा रही है, लगातार चलानी कार्यवाही का भी बाइक सवारों पर कोई असर होता नहीं दिख रहा है, जिसका खामियाजा असमय जान गंवाकर लोगो को भुगतना पड़ रहा है। हादसों की इसी श्रृंखला में 18 अप्रैल को ग्राम भानेगांव के नेताही चौक में लांजी से बालाघाट की ओर आ रहे दो बाइक सवार बोरवेल ट्रक के नीचे आ गए जिनकी घटना स्थल पर ही मौत होने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार दोनों युवक आदित्य भौतिक ओर संजय दशहरे ग्राम कुल्पा निवासी है जो किसी कार्यक्रम में शामिल होने अपने घरों से निकले थे। वही इस घटना के होने के तुरन्त बाद क्षेत्र के पूर्व विधायक रमेश भटेरे जो बालाघाट से अपने ग्राम बोलेगांव जा रहे थे घायलों की मदद करने रुके और युवकों के परिजनों का पता लगाकर जानकारी से अवगत कराया इसके साथ ही एसडीओपी लांजी को सड़क हादसे की जानकारी देकर पुलिस भेजने के लिए कहा। घटना कारीत करने के पश्चात ट्रक चालक फरार हो गया।

## भव्य व ऐतिहासिक रूप से मनाई गई फूले-आंबेडकर जयंती





हरिभूमि न्यूज़ बैहर।

स्थानीय नगर मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा राव फूले तथा डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की संयुक्त जयंती नगर को नीले झंडे तथा तोरन से सजाकर बड़े ही हर्षोल्लास तथा धूमधाम के साथ मनाई गई कार्यक्रम के अंतर्गत 11 अप्रैल को ग्राम पिपरिया स्थित फूले जी की प्रतिमा में माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी,12 अप्रैल को स्थानीय करुणा बुद्ध विहार में रंगोली,ड्राइंग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया, तथा दिनांक 13 अप्रैल को रात्रि 9:00 बजे से डॉ आंबेडकर चौक में गीत व नृत्य का आयोजन किया गया था व रात्रि 12:00 बजे आतिशबाजी कर केक काटकर जश्न मनाया गया जिसके बाद मुख्य कार्यक्रम 14 अप्रैल को सुबह आसपास के गांव से डीजे की धुन में रैली निकालते हुए सैकड़ो की संख्या में वाहन आंबेडकर नगर स्थित महाप्रज्ञा बुद्ध विहार पहुंचे, जहां स्थानीय अनुयाई भी साथ में शामिल होकर नगर भ्रमण किया गया तत्पश्चात डॉ आंबेडकर चौक में पुष्प अर्पित किए गए चल समारोह रानी दुर्गावती चौक माल्यार्पण कर डीजे की धुन में थिरकते हुए फूले तथा आंबेडकर जी के नारे लगाते हुए बस स्टैंड से गुजरकर पुराने पेट्रोल पंप पहुंचे जहां पर स्थानीय युवाओं ने रैली में शामिल लोगों के लिए शरबत का वितरण किया इसके बाद रैली मुख्य कार्यक्रम स्थल डॉ आंबेडकर पार्क पहुंची जहां पर सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा आंबेडकर जी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया तथा मंच के माध्यम से कार्यक्रम के मुख्य उद्बोधक डॉ सुदर्शन वॉलओंडरे तथा प्रो निर्मल चक्रधर के द्वारा महात्मा फुले व बाबा साहब आंबेडकर जी के जीवनी, उन्होंने जो संघर्ष किया इसे बताया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अर्पित गुप्ता आईएएस स्थानीय एसडीएम ने जन समुदाय को संबोधित किया एवं वर्तमान में गोल्ड मेडल प्राप्त देवेंद्र मरकाम तथा डॉक्टर की उपाधि से नवाजी गई डॉक्टर ज्योति बेले को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि के माध्यम से दिलवाया गया दिया,साथ में स्थानीय बच्चों के द्वारा गीत, संगीत, रंगोली, ड्राइंग प्रश्नोत्तरी परीक्षा के सभी प्रतियोगी को भी स्मृति चिह्न दिया गया,कार्यक्रम का समापन आयोजन समिति के अध्यक्ष साजनदास बोरकर के द्वारा अध्यक्षीय भाषण के द्वारा किया गया इस दौरान मंच में विशेष अतिथि के रूप में अरविंद बोरकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी डिंडोरी,बैहर थाना प्रभारी सुनील उयके,समाजसेवीका शशिकला लाहोरी, दमयंती रामटेके महिला उपाध्यक्ष, शेखरचंद्र अहिरवार उपस्थित रहे, मंच संचालन सतीश बुढ़ेश्वर के द्वारा किया गया, शाम 5:00 बजे स्थानीय आर्केस्ट्रा न्यू फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप के गायक रोशन विश्वकर्मा, संजय लाकड़े, राहुल शिव, मंजू बोरकर, सुमन बघेल,सीमा मिश्रा ने महापुरुषों पर आधारित गीत संगीत प्रस्तुत किया ,कार्यक्रम पश्चात उपस्थित जन समुदाय को भोजन दान भी कराया गया, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह था कि नगर में पहली बार स्थानीय तथा आसपास के एससी-एसटी, के अलावा ओबीसी, सामान्य, मुस्लिम सभी वर्ग के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जी एस गजभिए के द्वारा उपस्थित जन समुदाय के साथ क्षेत्रवासियों तथा शासन प्रशासन का आभार प्रकट किया.

## गुलशन शाह एवं यार खां बाबा के 59 वें उर्स पर हुआ कव्वाली का आयोजन

### सभी धर्मों एवं समाज के आस्था का केन्द्र होते हैं ऐसे स्थान - विवेक पटेल



हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।

कौमी एकता की पहचान नगर की प्राचीन दरगाह हजरत गुलशन शाह रह.अलैह एवं हजरत यार खां रह. अलैह के 59 वें उर्स के अवसर पर देश के जाने माने कव्वाल आमिल आरिफ साबरी एवं आमिल साबरी दिल्ली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक विवेक विक्की पटेल, अध्यक्ष रिजवान राजा अली अध्यक्ष उर्स कमेटी, विशेष अतिथि के रूप मे रामकिशोर बिसेन, ख्वाजा गरीब नवाज मस्जिद सदर समीउल्ली टेलर, नपा पूर्व उपाध्यक्ष अनीश बेग, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपरेवार, किशोर सोनी, हरीश मराठे, हरि क्षीरसागर मंचासीन रहे।हजरत गुलशन शाह रह. अलैह के दरबार में हर साल की तरह इस साल भी तीन दिवसीय उर्स का आयोजन किया गया। उर्स के अंतिम दिन आयोजित कव्वाली के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत आयोजक टीमरिजवान राजा अली अध्यक्ष उर्स कमेटी, परवेज हसन गुडडू, शहबाज मंसूरी, साजिद अली, नसीर भाई, राजिक मिस्त्री सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्योंद्वारा किया गया। देश के प्रसिध्द कव्वाल आमिल साबरी एवं आमिल आरिफ साबरी के देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में कौमी एकता और देशभक्ति की एक से एक बढक़र कव्वालियों की प्रस्तुति दी। जिसमें आमिल साबरी ने बहे मेरा खून, मेरे चमन के लिए, मेरी जान जाये चमन के लिए, ओ पालन हारे उस्मा के प्यारे तुम्हारे बिन हमरा कोई नही, हाल मैं किसको सुनाऊ, कौन है मेरा सहारा, ताजुल्लवरा तू सहारा, मुझे भी फैजो करम की बहार दो ख्वाजा, मेरा भी बिगड़ा मुकद्दर सवार दो ख्वाजा सहित अन्य कव्वालियों को सुनकर उपस्थित दूसरी ओर आमिल आरिफ साबरी ने तेरा करम ही जमाने भर में ये खोटा सिक्का चला रहा है, अजब है मंजर के इश्क तेरा करम के परदे उठा रहा है। मेरी दुनिया में सबेरा नहीं होने देगे, लोग तुझको कभी मेरा नही होने देगे, जैसी एक से एक कव्वालियां पेश की।

### कौमी इत्तेहाद एवं वतन परस्ती की कव्वाली सुनकर प्रभावित हुए विधायक पटेल

कार्यक्रम के दौरान आमिल साबरी एवं आमिल आरीफ साबरी की कौमी एकता और देशभक्ति भावना से प्रेरित कव्वाली की प्रस्तुति देकर सभी के दिलों को छू लिया। खासकर आमिल साबरी ने बहे मेरा खून मेरा चमन के लिए मेरी जान जाये चमन के लिए कव्वाली सुनकर विधायक विवेक पटेल सहित हजारों की संख्या मे उपस्थित श्रोताओं के दिल को पार कर गई। कार्यक्रम के दौरान कव्वाल आमिल शरीफ साबरी ने विधायक विवेक पटेल के साथ हजरत बाबा गुलशन शाह एवं बाबा यार खां का आशीर्वाद लिया।



## परशुराम जयंती समारोह में वारासिवनी आएंगे छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री

### लगातार दूसरी बार सर्वब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बने संदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज़ वारासिवनी।

सर्वब्राह्मण समाज की वारासिवनी इकाई की बैठक शुक्रवार 18 अप्रैल को समाज के संरक्षक अविनाश पांडे के निवास पर आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने सर्वसम्मति से समाज के अध्यक्ष के रूपमें लगातार दूसरी मर्तबा निवर्तमान अध्यक्ष संदीप मिश्रा को चुना हैं। बैठक में आगामी 4 मई भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव को भव्य रूप से मनाने के सम्बंध में विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा भी बनाई गई। इस दौरान बैठक में अपना कार्यकाल पूर्ण होने व व्यस्तता के चलतेअध्यक्ष सन्दीप मिश्रा ने नये अध्यक्ष के चयन करने का अनुरोध समाज बंधुओं से किया था। लेकिन बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने श्री मिश्रा के निवेदन को खारिज कर उन्हें दोबारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। सर्वब्राह्मण समाज अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि भगवान परशुराम की जयंती पर छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री ब्राह्मण गौरव विजय शर्मा, विधायक अभय मिश्रा, गोपाल भार्गव पूर्व मंत्री, विधायकों सहित समाज कीप्रमुख हस्तियां भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में ब्राह्मण समाज के अविनाश पांडे, बसंत मिश्रा, दीपक आड़े, राजकुमार शर्मा, शरद दुबे, वरुण त्रिवेदी, अनीश मिश्रा, सोमू शुक्ला, पूनम झा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## नपाध्यक्ष ने बौद्ध विहार में की सफाई हितग्राहियों से संवाद कर किया सम्मान

### बाबा साहेब आम्बेडकर जयन्ती सेवा पखवाड़े को लेकर हुई सेवाकार्य गतिविधियां


हरिभूमि न्यूज़ बालाघाट।

भारतवर्ष में भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस को उत्साह एवं सेवाकार्यो के बीच मनाया गया। गांव/बस्ती चलो अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों ने गांव-गांव में पहुंचकर जनसंवाद किया वहीं नपाध्यक्ष ने भी अनुसूचित जाति की पार्षद के साथ शहर के मैत्री बौद्ध विहार में पहुंचकर भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर को नमन करते हुए बौद्ध विहार में स्वच्छता कार्य किया एवं बस्ती में पहुंचकर हितग्राहियों से संवाद करते हुए उनका सम्मान किया। भाजपा ने अम्बेडकर जयन्ती से 25 अप्रैल तक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के मार्गदर्शन में सेवाकार्य करने अव्हान किया है इसी के तहत बालाघाट नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड में पहुंचकर पार्षद साथी संगीता थापा के साथ मैत्री बौद्ध विहार में स्वच्छता की तथा भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. बाबासाहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। अभियान के उद्देश्यों के तहत भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद किया गया उनकी समस्याएं जानी और निराकरण किया गया। इसी वार्ड के के हितग्राही कुरील परिवार को प्रधानमंत्री आवास से लाभ मिलने परिवार के बुजुर्ग सदस्य का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही अन्य लाभान्वित हितग्राहियों से शासन की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई।






## खबर संक्षेप



### दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला खमरिया विकासखंड धनौरा से अभिषेक पिता आशीष वी एवं अंकित पिता गुंटूर लाल बंजारा दोनों ही छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय रानीवाड़ा की कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा में हुआ है साला प्रधान पाठक फूलचंद यादव शिक्षिका अनीता हुई के एवं शिक्षक प्रेमलाल हुईके का का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए मेहनत और लगन से यह सुयश दोनों ही छात्रों ने प्राप्त किया इनके उनके चरण में इनके मार्गदर्शन दुर्गेश नामदेव का भी सराहनी ए कार्य रहा इस छोटे से ग्राम से दो छात्रों का चयन होना गौरवान्वित कर रहा है।

### स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का सिवनी नगर में आगमन 20 को



हम सिवनी नगरवासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष और सौभाग्य का विषय है कि द्वारका शारदा पीठाधीश्वर, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का शुभागमन दिनांक 20 अप्रैल 2025 (रविवार) को सिवनी में होने जा रहा है। यह पावन अवसर समस्त श्रद्धालुजन एवं धर्मप्रेमियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण होगा। स्वामी जी महाराज अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान सिवनी नगर के प्रमुख दो मंदिरों में पधारकर शंकर परंपरा की ज्ञान-धारा, वेद-शास्त्रों की महिमा, सनातन धर्म के मूल तत्वों और समसामयिक धार्मिक चेतना पर अपने अमूल्य विचार प्रस्तुत करेंगे। महाराज श्री शाम 6:00 बजे श्री नर्मदेश्वर शिवलिंग मंदिर पधारेंगे जहाँ वे मोती घाट बरघाट नाका के किनारे विराजे नर्मदेश्वर मंदिर में शिवजी के दर्शन श्रद्धालुजनों को आशीर्वाद देंगे। तत्पश्चात शाम 6:30 बजे श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, बस स्टैंड, में श्री लक्ष्मीनारायण भगवान के दर्शन कर यहाँ भी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन न केवल एक आध्यात्मिक पर्व के रूप में मनाया जाएगा।

## कलेक्टर ने किया नगर पालिका इंटेकवेल का निरीक्षण

# कलेक्टर ने देखी जलनिगम के समूह नलजल योजना से नगरीय क्षेत्र में जलापूर्ति की व्यवस्था





### अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शुक्रवार को नगरपालिका के इंटेकवेल सुआखेड़ा का निरीक्षण कर युद्धस्तर पर जारी अप्रोच चैनल निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने कल 19 अप्रैल को पेंच परियोजना से भीमगढ़ तक पानी छोड़े जाने से पानी पहुँचने के पूर्व तक इंटकवेल तक पानी लाने के लिए अप्रोच चैनल का कार्य को पूरा करने के निर्देश नगरपालिका एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को दिये। इसके उपरांत कलेक्टर सुश्री जैन ने नगरपालिका एवं जल निगम के पाइपलाइन को जोड़कर नगर में की जा रही जलापूर्ति कार्यो का भी बंडोल परियोजना के पम्पिंग स्टेशन पहुँचकर अवलोकन किया। उन्होंने नगरीय क्षेत्र एवं समूह नलजल योजना में जुड़े ग्रामों के नागरिकों को सुविधाजनक रूप से जलापूर्ति के लिए एक दिन नगरीय क्षेत्र में और एक दिन ग्रामीण क्षेत्र में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने के लिए इस दौरान मोटर पम्प के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए पंचायत एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम मेघा शर्मा, सीएमओ विशाल मर्सकोले सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## गेंहू से भरे ट्रक में लगी आग

# ट्रक जलकर हुआ खाक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को दोपहर लगभग 2 बजे गेहूं से भरे एक ट्रक में आग लग गई। कुरई घाटी के पास आग लगने से ट्रक जहां धू-धू कर जल गया वहीं ट्रक में भरा गेहूं भी जल गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। आग की सूचना मिलते ही मौके पर कुरई थाने से पुलिस बल पहुंचा व फायर ब्रिगेड से आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गेहूं से भरा ट्रक क्रमांक RJ 11 GC 9500 जो की नागपुर दिशा की ओर जा रहा था। मुख्य मार्ग से कुरई से नागपुर दिशा की ओर गुजरते समय ट्रक में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ट्रक में आग लगते ही ट्रक चालक, परिचालक बाहर कूद गए। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से आग पर जहां काबू पाया गया वहीं क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। फायर वाहन वहां पहुंचने से आग पर काबू पाया गया। आग इतनी विकराल थी कि इससे ट्रक के सामने का हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वही ट्रक में भरा गेहूं भी जल गया।

## नेशनल हेराल्ड केस में भाजयुमो का विरोध

# सिवनी में सोनिया-राहुल का पुतला दहन किया

### भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब मांगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कचहरी चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने गांधी परिवार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने हजारों करोड़ की संपत्ति पर अवैध तरीके से कब्जा किया है। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हेराल्ड अखबार के मामले को उठाया। उनका कहना था कि स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज रहे इस अखबार को गांधी परिवार ने नि व्यापार का माध्यम बना दिया। कांग्रेस पार्टी ने 2008 में बंद हुए इस अखबार को 90 करोड़ का फंड दिया। बाद में यह राशि 'यंग इंडिया' कंपनी के जरिए सोनिया और राहुल गांधी के नाम ट्रांसफर कर दी गई। सिवनी विधायक दिनेश राय ने कहा कि देश में कोई कानून से ऊपर नहीं है। जांच एजेंसियां बिना किसी राजनीतिक दबाव के काम कर रही हैं। उन्होंने मांग की कि गांधी परिवार भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब दे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी समेत कई भाजपा नेता मौजूद रहे।



# कान्हीवाड़ा पुलिस ने पकड़ा मवेशियों से भरा पिकअप वाहन

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के कुशल मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा द्वारा जारी दिशानिर्देशों के पालन में अनुभाग स्तर पर श अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) केवलारी आशीष भराड़े के कुशल नेतृत्व में गौवंश तस्करी करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना प्रभारी कान्हीवाड़ा निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलगाम हमराह स्टाफ उनि. बलवंत सिंह तेकाम, प्र.आर. नंदूलाल उइके, प्र.आर. कुन्दन इड़पाचे, आर. शिवकुमार करपे, आर. सुरेश चौहान, आर. धर्मेन्द्र धुर्वे के विश्वसनीय मुखबिर द्वारा पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर ले जाने की सूचना पर तस्दीक करते हुये ग्रामीण रोड़ टिकारी से होते हुये बरघाट की ओर जा रही एक पिकअप वाहन क्रमांक MP-20-ZG-3638 को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसमें 09 नग नाटा(बैल) क्रुरतापूर्वक भरे हुये थे जिनके पैरो में रस्सियां बंधी हुई थी जो निश्चित ही कत्ल खाने नागपुर ले जाये जा रहे थे एवं कुछ मवेशियो को क्रूरता पूर्वक रस्सियो से बांधने के कारण शरीर में चोंट कारण खून निकल रहा था।

पिकअप वाहन में चालक एंव अन्य दो व्यक्ति मिले जिनसें उनका नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम दशरथ प्रसाद पिता प्रकाश वर्मन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बम्होड़ी थाना बेलखेड़ा जिला नरसिंहपुर तथा अन्य दो साथी द्वारा अपना नाम बालकिसन पिता तोडलप्रसाद भदौरिया उम्र 48 वर्ष निवासी बांस वार्ड भूतेश्वर मंदिर के पास गोटेगांव थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर व गोलू यादव पिता चूरामन यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुडई थाना रेहली जिला सागर के बताया गया बाद चालक दशरथ प्रसाद वर्मन से उक्त मवेशी व वाहन के संबंध में पूछताछ पर उक्त पिकअप वाहन अपने साला राजेन्द्र बर्मन पिता रम्मूलाल बर्मन निवासी नीमखेड़ा थाना शहपुरा जिला जबलपुर का होना जिसे साले से भाड़ा में चलवाने हेतु किराए से लेना तथा उक्त 09 मवेशियो नरसिंहपुर में अलग अलग जगहो से खरीदा जो खरीदने वाले लोगो से जान पहचान नही होना तथा खरीदे गये मवेशियो को बालकिसन भदौरिया और गोलू यादव को मजदुरी देकर पिकअप वाहन में भरवाकर कामठी नागपुर तरफ कत्लखाने लेकर जाना बताया गया।

उपरोक्त आरोपियों के द्वारा पिकअप में अवैध रुप से गौवंश (नाटा) को बड़ी क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करते हुए कत्ल खाने ले जाना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 4,6,9 मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रति.अधि.,10,11 मध्य प्रदेश कृषि उपयोगी सरंक्षण अधि., 6, 7 मध्य प्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधि0,11(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, 184, 132/177, 112/183(1), 66/192ए, 3/181, 5/180, 146/196, 115/190(2), 39/192(1), 56/192मो.व्ही.एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अग्निवीर में चयनित हुए एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पी कॉलेज सिवनी के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया की महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों व एनसीसी केडेट्स का चयन अग्निवीर के लिए हुआ है। इन विद्यार्थियों का सम्मान करने के लिए आज महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजित हुआ लेफ्टिनेंट वासनिक ने आगे बताया कि चयनित विद्यार्थियों का प्रशिक्षण उन्हें आवंटित मुख्यालय में होगा जिसके लिए विद्यार्थी अपने मुख्यालयों में ज्वाइन करेगें। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग ने चयनित कैडेट्स व विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एसपी सिंह ने विद्यार्थियों को सेना के माध्यम से राष्ट्र की सेवा के सर्वश्रेष्ठ विकल्प का चयन करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी। कहा की आप सभी ने अपने ग्राम जिले व महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।



## सुजीत जैन के निवास पर भेंट के लिए पहुंचे सांसद विवेक बंटी साहू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले बारापत्थर स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुजीत जैन के निवास पर छिंदवाड़ा के लोकप्रिय युवा सांसद विवेक बंटी साहू सहित छिंदवाड़ा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता गण आत्मीय भेंट के लिए पहुंचे सुजीत जैन एवं परिवार ने किया सभी का आत्मीयता के साथ अभिनंदन स्वागत किया गया सांसद के साथ परमजीत सिंह ,राजू ,जितेंद्र राय, संजय अग्रवाल, मल्होत्रा एवं अन्य नेताओं ने व्यक्तिगत परिवार जनों से भेंट की।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के कर कमलों से धर्मशाला का किया लोकार्पण

**सांसद विवेक बंटी साहू के साथ पूर्व विधायक द्वय राकेश पाल एवं नरेश दिवाकर के निवास पहुंचे**



**सहरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से धर्मशाला का लोकार्पण किया गया। आज सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम लखनवाडा के बैनगंगा तट के पास स्थित संत गाडगे महाराज धर्मशाला का लोकार्पण विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य एवं करकमलों से फीता काट कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे सर्वप्रथम राय ने संत गाडगे के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके उपरांत मंचीय कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन के हस्ते समाज के मेधावी 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार वितरण कर सभी बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे सामाजिक बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू के सिवनी आगमन पर मुलाकात किया तथा उनके साथ पूर्व विधायक राकेश पाल एवं पूर्व विधायक नरेश दिवाकर के बारापत्थर स्थित निवास पहुंचे।

## जल संवर्धन ओर पर्यावरण संरक्षण को किसके संरक्षण में क्षति पहुंचाई जा रही है

# पानी को त्राहि त्राहि करने वाले रेत ठेकेदार अब हिर्री संगम से अवैध रेत निकालने का काम कर रहे हैं..!

**खनिज अधिकारी सिवनी ओर क्षेत्रीय निरीक्षक के संरक्षण मे क्षेत्र मे हो रहे अबैध रेत उत्खनन ओर परिवहन से करोडो का राजस्व का नुकसान मध्यप्रदेश सरकार को प्रतिमाह हो रहा है। साथ ही पर्यावरण संतुलन ओर जल संवर्धन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।**

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** शासन को रेत के अबैध उत्खनन कर करोडो रुपया रायल्टी की चोरी कर छति पहूंचाने मे ठेकेदार कोई कसर नही छोड रहा है।रात के अंधेरे मे रेत उत्खनन से पिछले माह डम्फर हेल्पर की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ ओर हिर्री नदी के ठेकेदार रेत उत्खनन के लिए आवंटित खदानों से पृथक हिर्री संगम से पोकलेन से रेत निकलवा रहा है।



### पोकलेन ओर डम्फर लेकर भागे कर्मचारी

दिनांक 18 अप्रैल को क्षेत्र के जागरुक नेताओ को खबर लगी कि राजेश पाठक रेत ठेकेदार के आदमी विभागीय अधिकारियों के संरक्षण पर आवंटित खदान से दुर हिर्री संगम से रेत निकासी का काम करवा रहा है।

वीरेंद्र राज ठाकुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, आनंद भगत पूर्व सरपंच उगली, अखिलेश ठाकुर पूर्व सरपंच सारेखा, संजय उइके पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा उगली, राजा चौहान, शाहसिंह उइके बेलगांव राजदीप राहंगडाले उगली एवं समीपी गांव इमली टोला के वासिंदो ने भरी दोपहरी मे हिर्री संगम का दौरा कर मोके पर चल रही पोकलेन ओर लोड हो रहे डम्फरो की सूचना पहले तो क्षेत्रीय खनिज निरीक्षक एवं खनिज विभाग सिवनी को दी। इसी बीच कर्मचारीयो ने मोके से पोकलेन ओर डम्फर को निकाल ले गये।हिर्री संगम मे रेत निकालने की बात पोकलेन चालक से पुछने पर ठेकेदार का आदेश होने की जानकारी दी। आवंटित खदान का एक हजार प्रतिशत दोहन करने के कारण क्षेत्र का भुजल स्तर तेजी से गिरा है।अब ठेकेदार के द्वारा हिर्री संगम से रेत निकालने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है। हिर्री नदी से हो रहे रेत का अबैध दोहन ने उगली पांडिया छपारा सघन वन क्षेत्र पर रहने बाले वनप्राणियो का भविष्य खतरे मे है क्षेत्र मे पानी नहीं है वन प्राणियों का पलायन निरंतर बरघाट के जंगलो की ओर हो रहा है।नदी से निकाली जा रही रेत से क्षेत्र को पर्यावरण संतुलन जल संतुलन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। मौके पर पहूंचे नागरिकों ने पोकलेन डम्फरो को जब्त करने की मांग की है।



### इनका कहना है

मुझे सुचना मिली हैं मे हिर्री नदी जा रहा हूँ। वहां पहुंचने के बाद ही सब जानकारी बताऊंगा।

**डेहरिया जी, माईनिंग विभाग सिवनी**

# सचिव के साथ मारपीट के आरोपी फरार, कर्मचारियों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी न होने पर कलम बंद हड़ताल की चेतावनी दी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में सचिव के साथ मारपीट मामले में 10 बीत जाने के बाद भी आरोपी फरार है। इसे लेकर गुरुवार दोपहर को कर्मचारी संघ ने विरोध जताते हुए स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ये घटना बीते 5 अप्रैल केवलारी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत चिरचिरा में की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर लिया था। कर्मचारियों ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी न होने पर कलम बंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

आरोपी संतोष चंदेल ने पंचायत भवन में बीते 5 अप्रैल को सचिव सुखदेव ठाकुर से गाली-गलौज की थी। सचिव जब चिरचिरा टोला में निर्माण कार्य देखने गए थे, तभी संतोष ने पीछे से आकर उन पर हमला कर दिया। मौके पर मौजूद सरपंच और अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया। सचिव की लिखित शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। आरोप है कि 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सचिव ने आरोपी पर शासकीय काम में बाधा डालने का आरोप भी लगाया है। आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर कर्मचारियों में नाराजगी है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं। उन्होंने एक सप्ताह में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। कार्रवाई न होने पर जनपद पंचायत के सभी कर्मचारी कलम बंद हड़ताल करेंगे। एसडीएम महेश अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने एसडीओपी केवलारी को पत्र लिखा है। उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा डालने की धाराएं जोड़ने का सुझाव दिया है। एफआईआर दर्ज हो चुकी है और कार्रवाई की जाएगी।

## जिला आपूर्ति विभाग ने खाद्य प्रतिष्ठानों में दी दबिश, 10 सिलेंडर की आपूर्ति विभाग ने बनाई जब्ती

# घरेलू गैस सिलेंडर की हॉटलों में जांच से हड़कंप



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है, हॉटलों, स्ट्रीट वेंडरों तथा मैरिज गार्डन में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक तौर पर इस्तेमाल किये जाने से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग भी अवगत है किंतु एक दो दिन कार्यवाही के बाद अभियान शांत हो जाता है। 18 अप्रैल शुक्रवार को कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर आपूर्ति विभाग का अमला सड़क पर उतरा और व्यवसायिक खाद्य प्रतिष्ठानों में पहुंचकर जांच अभियान प्रारंभ किया। बस स्टैण्ड परिसर के हॉटलों में हुई इस जांच के बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। जहां कुछ होटलों से घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते पाये जाने पर उन सिलेंडर की जब्ती अधिकारियों ने बनाई है। इस संबंध में खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी रविकांत ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिलेभर में घरेलू गैस सिलेंडर के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है इसी के तहत अभियान का प्रारंभ बस स्टैण्ड बालाघाट परिसर से किया गया है। जहां पर कुछ हॉटल में पहुंचकर जांच पड़ताल की गई है। बताया गया कि यहां हॉटल संचालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था जिसपर पंचनामा कार्यवाही करते हुए उन सिलेंडरों की जब्ती की गई है इन दुकानों पर कार्यवाही करते हुए लगभग 10 सिलेंडर जब्त किये गये है। आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर का उपयोग व्यवसायिक तौर पर नहीं किया जा सकता है कमर्शियल सिलेंडर इसके लिये संचालकों को लेना होता है, किंतु कई हॉटल संचालक आदेशों का उल्लंघन करते हुए घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे है जैसा कि जांच कार्यवाही में पाया गया है उनपर कार्यवाही करते हुए गैस सिलेंडर जब्त किये गये है।

### कैटरिंग कार्य पर भी निगरानी

बताया गया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा के तहत ऐसा करना दंडनीय अपराध है, हॉटल एवं व्यवसायिक खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान जारी रहेगा साथ ही कैटरिंग कार्य पर भी निगरानी रहेगी और मैरिज गार्डन में पहुंचकर भी जांच करेंगे प्रयास होगा कि घरेलू गैस सिलेंडर का इस प्रकार से दुरूपयोग रोका जाये।



# कैथोलिक चर्च से निकली क्रूस यात्रा



### गुड फ्राईडे पर गिरजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना सभा, मसीही समाज के युवाओं ने दर्शाया क्रूसमरण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

ईसाई समुदाय ने शुक्रवार को गुड फ्राईडे मनाया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। इस दौरान ईसाई समाज के लोगों ने सिंधी मोहल्ला स्थित कैथोलिक चर्च पहुंचकर विशेष प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया जबकि गिरजाघरों में भी पवित्र पूजन के साथ ही आराधना की गई। समाज के लोगों ने नम आंखों से प्रभू यीशु को याद किया और देश की खुशहाली के लिये विशेष प्रार्थनाएं की। गुड फाईडे के अवसर पर कैथोलिक चर्च से मसीही समाज के अनुयायियों द्वारा क्रूस यात्रा निकाली गई जिसमें युवाओं ने क्रूसमरण को दर्शाया।

गुड फाईडे का दिन मसीही समाज के लिये धार्मिक महत्व का दिन है, इसी दिन प्रभु ईसा मसीह अपने भक्तों के लिये सूली पर चढ़े थे, मसीह ने विरोध और यातनाएं सकते हुए अपने प्राण त्याग दिये थे उन्ही की आराधना और वचनों को याद करने के लिये गुड फाईडे मनाया जाता है। शुक्रवार 18 अप्रैल को शहर के गिरजाघरों के साथ ही सिंधी मोहल्ला स्थित कैथोलिक चर्च में आराधना की गई और प्रभु के वचनों को याद किया गया। दोपहर बाद क्रूस यात्रा निकाली गई जहां युवाओं ने प्रभु यीशु के दुखभोग और क्रूसमरण को दर्शाने के लिये प्रतीकात्मक नाट्य का मंचन इस यात्रा में किया।

### पवित्र पूजन के साथ ही हुई आराधना

इसके साथ ही प्रार्थना सभा एवं अन्य धार्मिक विधि-विधान से कार्यक्रम आयोजित किये गये। पास्टर ने प्रभु यीशु का संदेश बताया और शिष्यों से कहा कि निःस्वार्थ सेवा और जरूरतमंदों के लिये स्वयं को बलिदान करने के लिये तैयार रहे यही प्रभु की सीख है। पास्टर ने बताया कि आज का दिन ईसाइयों के लिये आध्यात्मिकता का एक अभिन्न स्रोत है, कैथोलिक चर्च में मसीही समाज ने एकत्रित होकर पवित्र पूजन विधि में हिस्सा लिया है प्रभु यीशु के दुखभोग की स्मृति हुई है और परम प्रसाद की आराधना की गई है। आयोजित प्रार्थना सभा और क्रूस यात्रा में बड़ी संख्या में मसीही समाज की उपस्थिति रही।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 01 मई से होगा प्रारम्भ

**बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों के लिए खेल विभाग सहित जिले के विभिन्न खेल संघों के साथ बैठक की। जिले में ग्रीष्मकालीन सीजन में 1 मई से 30 मई तक खेल प्रशिक्षण शिविर क्रियान्वित किया जाएगा। इस शिविर में फुटबाल, हॉकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, वालीबॉल, क्रिकेट, कराते, एथलेटिक्स, कबड्डी, टेनिस व टेबल टेनिस जैसे खेल शामिल रहेंगे। खेल प्रशिक्षण शिविर के सम्बंध में कलेक्टर श्री मीना ने जिले के खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ ग्रीष्मकालीन खेल शिविर को लेकर विचार भी जाने। साथ ही खेल अधिकारी श्री चौरसिया को निर्देशित किया कि वे डीईओ के साथ समन्वय कर समस्त स्कूलों में शिविर के संबंध में चर्चा सुनिश्चित कर बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करें।

# जनपद उपाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में ली विधायक के मजाकिया वाले बयान पर आपत्ति

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



फसलों को सिंचाई के लिये नहरों से पानी दिये जाने की मांग को लेकर समनापुर में क्षेत्रीय किसान आंदोलित हो गये है 16 अप्रैल को चकाजाम करते हुए धरना दिया इसी बीच परसवाड़ा विधायक मधु भगत और बालाघाट जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन के बीच कहासुनी का वीडियो भी वायरल हुआ है। इसे लेकर 18 अप्रैल को जनपद उपाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता की और कहा कि ऐसा करके विधायक ने क्षेत्रीय किसानों का अपमान किया है और घटनाक्रम को मजाकिया बता रहे है, किसानों के आंदोलन में फर्क ना पड़े इसलिए उस दौरान मैं खामोश रहा हूं क्योंकि मेरे आत्मसम्मान से बढ़कर किसानों की मांगे थी। प्रेसवार्ता में जनपद उपाध्यक्ष शंकरलाल बिसेन ने बताया कि समनापुर के बाजार चौक में सुबह 10 बजे से किसानों का धरना प्रदर्शन शुरू हो गया था, फसलों को सूखने से बचाने के लिये वे नहरों से पानी दिये जाने की मांग कर रहे थे, मैं तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी वहां किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए धरने पर बैठे हुये थे। लगभग 1 बजे के दौरान विधायक मधु भगत की गाड़ी वहां पहुंची तो किसानों के प्रदर्शन में उनसे शामिल होने का आग्रह किया। किंतु विधायक आये और इसके बाद आवेशित हो उठे, जैसा कि वीडियो में भी नजर आता है मुझपर मुक्का मारने की बात कहने लगे थे। जो कुछ हुआ वह वीडियो में है उनके हाथ उठाने का तरीका क्रोध का था और आवेश में आकर मारने की नियत से जो कुछ किया गया है यह मजाकिया नहीं है। धरना प्रदर्शन सफल हो मेरे आत्मसम्मान से बड़ी किसानों की मांगे थी। इस तरह के अपशब्द कहते हुए विधायक ने जनपद उपाध्यक्ष नहीं बल्कि क्षेत्रीय किसानों का अपमान किया है जिसके लिये उन्हें माफी मांगनी चाहिये, अगर ऐसा नहीं होगा तो हम शिकायत करेंगे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत गर्रा, ज.पं. लालबर्रा

क्र. /क्यू./ **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 18/04/2025

कार्यालय ग्राम पंचायत गर्रा जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01/04/2025 से 31/03/2026 तक की अवधि हेतु मनरेगा 15 वां वित्त, 5 वां वित्त, राज्य वित्त, गौण खनिज, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत निर्माण कार्य हेतु ईंट, रेत, गिट्टी, मिट्टी, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पॉलिथिन, पाईप, पुलिया, गट्ट, दरवाजा, खिड़की, सेन्ट्रींग, मिक्चर मशीन, वाईबेटर, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने की दिनांक 25/04/2025 को समय 2 बजे होगी। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर प्राथमिकता दी जायेगी। जो भी सप्लायर सामग्री प्रदान करना चाहते है वे दिनांक 24/04/2025 तक निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकता है। नियमों के लिये ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते है।

**वैभवसिंह बिसेन** सरपंच ग्रा.पं. गर्रा — **राजू पांचे** उपसरपंच ग्रा.पं. गर्रा — **राजू बिसेन** सचिव ग्रा.पं. गर्रा


# जनपद पंचायत किरनापुर में निशुल्क दिव्यांग शिविर

### प्रमाण पत्र व उपकरण प्रदान किए गए

**किरनापुर हरिभूमि।** मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत किरनापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा दिव्यांगता जांच शिविर लगाया गया. शिविर में अस्पताल के डॉ , डॉ हंजला इनशाद, सुशील कुमार सिंह,



सलीवाम शुक्ला, रस्सी सिन्हा,भानूप्रतापसिंह,ने 200 दिव्यांगों की जांच की. बानो स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ने बताया कि दिव्यांगता जांच शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये दिव्यांगों की जांच की गयी. शिविर में 25 से 75 प्रतिशत दिव्यांगों की जांच की गयी. इसके आधार पर बाद में सभी दिव्यांगों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा. शिविर को सफल बनाने में पीरामल एल्डिको फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर, अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टरों की उपस्थिति सराहनीय रही। जनपद पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष व सदस्य गणों की तथा जनपद पंचायत सीईओ की उपस्थिति में यह कार्यक्रम कराया गया दूर दराज से आए हुए दिव्यांगों को चाय, नाश्ता एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई।

## शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म

**कटंगी हरिभूमि ।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 19 वर्ष 02 माह की युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किये जाने का मामला सामने आया है. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि तिरोड़ी में थाने के ही पीछे निवास करने वाले राहुल पिता बैजू रगड़े ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. तिरोड़ी थाने से इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र की युवती के साथ आरोपी युवक ने 13 अक्टूबर 2024 की रात्रि 02 बजे से लेकर 13 अप्रैल 2025 तक कई बार शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया. आरोपी ने युवती के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और शादी का प्रलोभन भी दिया. पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल को युवती ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत में बताया कि महादेव चौक स्थित मार्यल के कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया गया. खुद को ठगा महसूस कर युवती ने अपने परिजनों के साथ थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई.

## पति सहित अन्य तीन सदस्यों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**कटंगी हरिभूमि ।** अंचल की ग्राम पंचायत महकेपार के किशनपुर की हाल मुकाम निवासी 28 वर्षीय विवाहित महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास.ससुर सहित एक अन्य के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का केस दर्ज किया है. महिला का आरोप है कि विवाह के बाद से ही उसका पति और अन्य सभी लोग उसे दहेज के प्रताड़ित कर रहे थे. उसे शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी जा रही थी. तिरोड़ी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार विवाहिता की शिकायत पर पति सचिन पिता शिवराम पुरी, तीजनबाई पति शिवराम पुरी, साजनपुरी पिता शिवराम पुरी और शिवराम पुरी सभी निवासी चन्द्रकुंआ थाना तिरोड़ी के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का मामला पंजीबृद्ध किया गया है.






# नल में नहीं आया जल, मुख्य पाइप लाइन फूटने से हाहाकार

## कटंगी नगर के आधे वार्डो में हुई पानी की भारी किल्लत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।**



भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार 18 अप्रैल को कटंगी शहर के आधे हिस्से में पानी के लिए जमकर हाहाकार मच गया. लोग बूंद.बूंद पानी को तरस गए. नागरिकों को पानी जुटाने के लिए दो.चार करना पड़ा और पानी क्यों नहीं आ रहा है यह जानने के लिए उन्होंने नगर परिषद के जल शाखा प्रभारी के फोन की लगातार घंटियां बजाई. तब जाकर लोगों को कारण का पता चला. दरअसल, शुक्रवार की सुबह करीब 07 बजे जैसे ही जल शाखा के कर्मचारियों ने बस स्टैंड स्थित पानी टंकी का वाल्व खोला. टंकी के नजदीक की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पाया. शहर के वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, 14, 15 और वार्ड क्रमांक 05 का आधा हिस्सा, वार्ड क्रमांक 06, 07, 08 और 09 में वार्डवासियों को पानी नहीं मिल पाया. यह सभी वार्ड पाइन लाइन के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित हुए. जिसके बाद लोग अन्य पेयजल स्त्रोतों की तरफ दौड़ लगाते हुए नजर आए. इधर, जल शाखा की टीम ने मरम्मत का कार्य भी युद्ध स्तर पर शुरू किया लेकिन सामग्री नहीं मिलने के कारण काफी परेशानी हुई. जो पाइप क्षतिग्रस्त हुआ था. वह नया पाइप कटंगी में कहीं नहीं मिल पाया. जिसके चलते 30 किमी. दूर वारासिवनी से नया पाइप लाया गया और फिर मरम्मत का कार्य शुरू किया गया. शुक्रवार की शाम भी पानी नहीं मिल. अब शनिवार की सुबह पानी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

### मध्यम परिवारों पर जलसंकट की मार

नगर में करीब 12 सौ निजी नल कनेक्शन है. 7 सौ के आस.पास नल कनेक्शन नगर परिषद के यानी सार्वजनिक है. पूरे शहर में 148 हैड़पंप है. अब निजी कनेक्शन की बात करें तो इनमें जो धनाडय़ और राजनीतिक दलों से ताल्लुक कनेक्शनधारी है वह अपने घरों के नल कनेक्शन में टुल्लु पंप लगाकर पानी की चोरी करते है. जिसके प्रमाण बीते दिनों उस वक्त सामने आए जब नगर परिषद की जलप्रदाय शाखा की टीम ने छापामार कार्रवाई की. यानी अगर शुक्रवार को जब शहर में पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाई तो इन धनाडय परिवारों को कोई खास फर्क नहीं पड़ा. असर तो उन 7 सौ सार्वजनिक नलों पर आश्रित लोगों को पड़ा जो मध्यम या गरीब परिवारों से आते है. यह लोग पानी के लिए जद्दोजहद करते हुए नजर आए.

### वर्षो पुरानी टंकी और पाईप लाईन

गौरतलब हो कि मौजूदा वक्त में कटंगी में जिस पानी टंकी का उपयोग किया जा रहा है वह करीब 25 से 30 वर्ष पहले बनी थी. अब यह



टंकी और पाइप लाइन दोनों ही पुरानी हो चुकी है जिस कारण कभी भी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है. नगर में नई पानी टंकी और नई पाइप लाइन के विस्तार की जरूरत है. ऐसे में कटंगी शहर की प्यास बुझाने के लिए नई पेयजल योजना स्वीकृत कराई गई जिसके लिए नगर परिषद ने बकायदा कर्ज लिया है लेकिन इस पेयजल योजना पर कार्य आज तक शुरू नहीं हुई और नगर परिषद कर्ज की राशि का ब्याज जमा कर रही है.